# पाठ 1. पालमपुर गाँव की कहानी

## पाठ-1

**प्रश्न: पालमपुर में बिजली प्रसार ने किस प्रकार किसानो कि मदद की?**

**उत्तर:** पालमपुर में बिजली प्रसार ने किसानों की मदद निम्न प्रकार से की |

(1) बिजली प्रसार ने कुएँ से पानी खीचने में मदद कि |

(2) सिचाई को और आसान बना दिया |

(3) अब वे अधिक से अधिक बिजली उपयोग कर अपने कृषि कार्य को बढा सकते है |

**प्रश्न: पालमपुर में खेतिहर क्षमिकों कि मजदूरी न्यूनतम मजदूरी से कम क्यों है ?**

**उत्तर:** पालमपुर में खेतिहर क्षमिकों कि मजदूरी न्यूनतम मजदूरी से कम क्योंकि :

(i) भूमीहीन श्रमिकों कि संख्या आधिक है |

(ii) श्रमिकों में बहुत अधिक स्पर्धा है |

(iii) जो कम मजदूरी लेता है कम उसी को अधिक मिलता है |

(vi) श्रमिक भी कम मजदूरी पर काम करने को सहमत हो जाते है |

**प्रश्न: एक ही भूमी पर उत्पादन बढ़ाने के कौन कौन से तरीके है ?**

**उत्तर:** एक ही भूमी पर उत्पादन बढ़ाने के निम्न तरीके हैं :

(i) बहुविध फसल प्रणाली अपनाकर |

(ii) आधुनिक कृषि विधियों का उपयोग कर |

(iii) उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग कर |

(vi) उचित समय पर उर्वरक, सिंचाई, रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग कर |

**प्रश्न: मझोले और बड़े किसान कृषि से कैसे पूँजी प्राप्त करते हैं ? वे छोटे किसानों से कैसे भिन्न हैं ?**

**उत्तर:** मझोलो और बड़े किसान अपनी गत वर्षों की बचत से पूँजी कि व्यवस्था करते है | ये अपने उपभोग से अधिक अनाजों का उत्पादन करते है | यही उसकी बचत है | जबकि छोटे किसान बचत नही कर पाते जिसके कारण उन्हें साहुकारों से ऋण लेकर पूँजी कि व्यवस्था करनी पडती है |

**प्रश्न: वहु विधि फसल प्रणाली किसे कहते है ?**

**उत्तर:** एक वर्ष में किसी भूमि पर एक से ज्यादा फसल पैदा करने कि विधि को बहुविध प्रणाली कहते है |

**प्रश्न वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए किन- किन चीजों कि आवश्यकता होती है ?**

**उत्तर:** वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए निम्न चीजों कि आवश्यकता होती है :

(i) भूमि

(ii) श्रम

(iii) भौतिक पूँजी

(vi) मानव पूँजी

**प्रश्न: भौतिक पूँजी से आप क्या समझते है ?**

**उत्तर:** भौतिक पूँजी उन सभी संसाधनों को कहते है जो हमारे रोज मर्रा के उपयोग में मदद करते है |

**प्रश्न: पालमपुर गाँव कि मुख्य क्रियाएँ कोऊ कौन से है ?**

**उत्तर:**

1. खेती मुख्य क्रिया

2.लधुस्तरीय निमार्ण कार्य

3. डेरी

4. परिवहन आदि

**प्रश्न: स्थायी पूँजी और कार्यशील पूँजी में दो अन्तर लिखिए ?**

**उत्तर**

| स्थायी पूँजी | कार्यशील पूँजी |
|---|---|
| 1. उत्पादन में इस पूँजी का कई वर्षो तक उपयोग होता है<br>2. उदारण – औजार, मशीन, भवन आदि \| | 1. उत्पादन क्रिया के दौरान ये पूँजी समाप्त हो जाती है<br>2. उदाहरण- कच्चा मॉल और नकद पैसा \| |

**प्रश्न: पालमपुर गाँव में कितने परिवार रहते है ?**

**उत्तर:** 450 परिवार

**प्रश्न: पालमपुर गाँव में शिक्षा कि क्या व्यवस्ता है ?**

**उत्तर:** पालमपुर गाँव में एक हाई स्कूल तथा दो प्राथमिक विधालय है |

**प्रश्न: स्थायी पूँजी से क्या तात्पर्य है ?**

**उत्तर:** औजार, मशीने और भवनों को स्थायी पूंजी कहा जाता है क्योकि उनका प्रयोग कई वर्षो तक होता है |

**प्रश्न: कार्यशील पूँजी से आपका क्या तात्पर्य है ?**

**उत्तर:** कच्चे माल और नकद मुद्रा को कार्यशील पूँजी कहा जाता है क्योकि ये चीजे उत्पादन क्रिया के दौरान समाप्त हो जाता है |

**प्रश्न: बहुविध फसल प्रणाली से क्या तात्पर्य है ?**

**उत्तर:** एक वर्ष में किसी भूमि पर एक से अधिक फसल पैदा करने के तरीके को बहुविध फसल प्रणाली कहते है |

**प्रश्न: एच* वाई*वी* का क्या तात्पर्य है ?**

**उत्तर:** इसका अर्थ है कि अधिक उपज पैदा वाले बीज |

**प्रश्न:  छोटे किसान किसे कहते है ?**

**उत्तर:** छोटे किसान वे होते है जो अप्पने परिवारों के साथ  अपने खेतो में स्वंय काम करते है |

**प्रश्न: मझोले और बड़े किसान किसे कहते है ?**

**उत्तर:** मझोले और बड़े किसान ऐसे किसानो को अहाते है जो अपने खेतो में काम करने के लिए दूसरी श्रमिको को किराये पर लगाते है |

**प्रश्न: वस्तुओ आयर सेवायो के उत्पदान के लिए कौन सी चार चीजे अवयाश्क है ?**

**उत्तर:**

1. भूमि
2. श्रम
3. भौतिक पूँजी जैसे औजार, मशीन, भवन, कच्चा माल और नकद मुद्रा  आदि |
4. ज्ञान और उघम जो मानव पूँजी के महत्वपूर्ण अंग है |

## अभ्यास

**प्रश्न1: भारत में जनगणना के दौरान दस वर्ष में एक बार प्रत्येक गाँव का सर्वेक्षण किया जाता है | पालमपुर से संबंधित सूचनाओं के आधार पर निम्न तालिका को भरिये :**

(क) अवस्थिति क्षेत्र
(ख) गाँव का कुल क्षेत्र
(ग) भूमि का उपयोग (हेक्टेयर में )
(घ) सुविधाएँ

**प्रश्न2 : खेती की आधुनिक विधियों के लिए ऐसे अधिक आगतों की आवश्यकता होती है, जिन्हें उद्योगों में विनिर्मित किया जाता है, क्या आप सहमत है ?**

**प्रश्न3 : पालमपुर में बिजली के प्रसार ने किसानों की किस तरह मदद की ?**

**प्रश्न4 : क्या सिंचित क्षेत्र को बढ़ाना महत्वपूर्ण है ? क्यों ?**

**प्रश्न5 : पालमपुर के 450 परिवारों में भूमि के वितरण की एक सारणी बनाइए |**

**प्रश्न6 : पालमपुर में खेतिहर श्रमिकों की मजदूरी न्यूनतम मज़दूरी से कम क्यों है ?**

**प्रश्न7 : अपने क्षेत्र में दो श्रमिकों से बात कीजिए | खेती में  काम करने वाले या विनिर्माण कार्य में लगे मज़दूरों में से किसी को चुनें | उन्हें कितनी मज़दूरी मिलाती है ? क्या उन्हें नकद पैसा मिलता है या वस्तु-रूप में ? क्या उन्हें नियमित रूप से  काम मिलता है ? क्या वे कर्ज में है ?**

**प्रश्न8 : एक ही भूमि पर उत्पादन बढ़ाने के अलग-अलग कौन से तरीके हैं ? समझाने के लिए उदाहरणों का प्रयोग कीजिए |**

**प्रश्न9 : एक हेक्टेयर भूमि के मालिक किसान के कार्य का ब्यौरा दीजिए |**

**प्रश्न10 : मझोले और बड़े किसान कृषि से कैसे पूँजी प्राप्त करते हैं ? वे छोटे किसानों से कैसे भिन्न है ?**

**प्रश्न 11 : सविता को किन शर्तों पर तेजपाल सिंह से ऋण मिला है ? क्या ब्याज की कम दर पर बैंक से कर्ज मिलने पर सविता की स्थिति अलग होती ?**

**प्रश्न13 : आपके क्षेत्र में कौन से गैर-कृषि उत्पादन कार्य हो रहे हैं ? इनकी एक संक्षिप्त सूची बनाइए |**

**प्रश्न 14 : गांवों में और अधिक गैर कृषि कार्य प्रारंभ करने के लिए क्या किया जा सकता है ?**